भारत सरकार

सहकारिता मंत्रालय

**राज्य सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 641**

बुधवार, 26 जुलाई 2023 (श्रावण 4,1945( शक )) को उत्तरार्थ

**नई सहकारी क्षेत्र नीति**

641 **श्री राजीव शुक्ला**;

क्या **सहकारिता मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सहकारी क्षेत्र के लिए राष्ट्रीय स्तर की कोई नई नीति लाने का कोई प्रस्ताव है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या मंत्रालय द्वारा सहकारी क्षेत्र में कोई सुधार किया गया है या सुधार किया जाना प्रस्तावित है, तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

सहकारिता मंत्री

(श्री अमित शाह)

(क और ख): जी हां महोदय । नई सहकारी नीति के निर्माण के लिए दिनांक 2 सितम्बर, 2022 को श्री सुरेश प्रभाकर प्रभु की अध्यक्षता में एक राष्ट्रीय स्तर की समिति का गठन किया गया है जिसमें सहकारी क्षेत्र के विशेषज्ञों, राष्ट्रीय/राज्य/जिला/प्राथमिक स्तर की सहकारी समितियों के प्रतिनिधिगण, सचिव (सहकारिता) और राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों से सहकारी समितियों के राज्य पंजीयकों, केन्द्रीय मंत्रालयों/विभागों के अधिकारियों को शामिल किया गया है । नई सहकारी नीति के निर्माण से 'सहकार से समृद्धि' की परिकल्पना साकार करने, सहकारिता आधारित आर्थिक विकास मॉडल का संवर्धन करने, देश में सहकारी आंदोलन को सशक्त करने और इसकी पहुंच जमीनी स्तर तक करने में मदद मिलेगी । इस संबंध में पूर्व में हितधारकों के साथ परामर्श किए गए थे और नई नीति के निर्माण के लिए केंद्रीय मंत्रालयों/विभागों, राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों, राष्ट्रीय सहकारी संगठनों, संस्थानों के साथ-साथ आम जनता से भी सुझाव मांगे गए थे । नई नीति के प्रारूप के निर्माण के लिए राष्ट्रीय स्तर की समिति समेकित फीडबैक, नीति सुझावों व सिफारिशों का विश्लेषण करेगी ।

(ग): मंत्रालय ने सहकारी सेक्टर में अनेक पहलें/सुधार की हैं । सूची अनुबंध-I में संलग्न है ।

*****

